Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding release of funds for works undertaken under Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana in Madhya Pradesh.-Laid

श्री गणेश सिंह (**सतना**): मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना की तरफ दिलाना चाहता हूँ । जिसमें फीडर विभक्तिकरण, मीटरीकरण, वितरण प्रणाली, सुद्दढ़ीकरण तथा ग्रामीण विद्‌युतीकरण के कार्यों हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना में कुल राशि 2885.87 करोड़ रूपये की कुल 50 परियोजनाएं मध्य प्रदेश हेतु स्वीकृत की गई थी । उक्त योजना में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 20393 ग्रामों का सघन विद्‌युतीकरण किया गया । 312671 गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों को नि:शुल्क कनैक्शन दिये जाने के प्रावधान के साथ 145, 33/11 के.व्ही. के उपकेन्द्र बनाये गये । 21590.25 किलोमीटर 11 के.व्ही. लाइन और 25633.3 किलोमीटर एल.टी. लाइन के कार्य किये गये हैं तथा सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत 46 ग्रामों के विद्‌युतीकरण का कार्य किया जा चुका है । उक्त योजनाओं में से सभी 50 परियोजनाओं के संपूर्ण कार्य का प्रतिवेदन ग्रामीण विद्‌युतीकरण निगम लिमिटेड को भेज दिया गया है । लेकिन अभी तक क्लेम राशि जारी नही की गई है । माननीय मंत्री महोदय से मेरी मांग है कि जल्द से जल्द राशि स्वीकृत किया जाये ।